# COVID 19 के लिए टीकाकरण

## टीकाकरण की क्या भूमिका है? टीके कैसे मदद करते हैं?

आमतौर पर टीके (वैक्सीन) में एक विशेष वायरस (एंटीजन) का कमजोर या निष्क्रिय भाग होता है जो वास्तविक रोग के जवाब में शरीर की प्रतिक्रिया की तरह शरीर के भीतर एक प्रतिरक्षा (एंटिबाडीज) प्रतिक्रिया उत्पन्न करते हैं।

'टीके की (वैक्सीन) प्रभावकारिता' का मापदंड इसपर निर्भर है कि क्या वह बीमारी को रोकने में सक्षम है या नहीं, और यदि हां, तो किस हद तक। टीके (वैक्सीन) के तिसरे चरण के परीक्षण में आमतौर पर एक प्लेसबो जो दिखने में शायद समान हो लेकिन उसका कोई वैद्यकिय या चिकित्सा प्रभाव नहीं होता, उसकी तुलना में वैक्सीन की प्रभावकारिता की जांच की जाती है ।

गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती और मृत्यु के मामले मे रोकथाम या उससे बचाव यह वैक्सीन के व्यक्तिगत लाभ हैं। संक्रमण या बीमारी के प्रसारण को रोकना या अवरुद्ध करना यह इसके सार्वजनिक स्वास्थ्य के संदर्भ में लाभ हैं। जब समुदाय में पर्याप्त लोगों को टीका लगाया जाता है, तब टीकाकरण के बाद संक्रमण या बीमारी के प्रसारण की जोखिम कम हो जाती है। ये टीके संक्रमण या बीमारी से जुड़े जोखिमों के बिना सुरक्षात्मक प्रतिरक्षा प्रदान करने की क्षमता रखते हैं।

## भारत में कौन से टीके उपलब्ध हैं?

वर्तमान में भारत में जिन दो टीकों को उपयोग की अनुमति दी गई है, वे हैं **Covishield® (AstraZeneca** का वैक्सीन जो सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित है) और **Covaxin® (**भारत बायोटेक लिमिटेड द्वारा निर्मित)। इसके अतिरिक्त, भारत अपने स्थानीय वितरक डॉ. रेड्डीज प्रयोगशालाओं के माध्यम से मई में रूस के स्पुतनिक वी **COVID-19** वैक्सीन प्राप्त करेगा।

## यह टीके कौन ले सकता है?

**18** वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति इन्हें ले सकता है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अस्थमा, फुफ्फुसीय, यकृत और गुर्दे की बीमारी और पुराने संक्रमणों के साथ किसी भी प्रकार की पहले से मौजूद स्थितियों वाले लोगों के लिए भी टीके सुरक्षित हैं। व्यक्ति जिसकी शारिरीक प्रतिरक्षा प्रणाली कुछ कारणोसे (कैंसर या इम्यूनोसप्रेसेन्ट पर) प्रभावित है, या जिनका गंभीर एलर्जी का इतिहास है या व्यक्ति गर्भवती है तो उन्हे सेवा कर्मी की सलाह लेनी चाहिए। टीके का मासिक धर्म पर कोई प्रभाव पड़ता है या मासिक धर्म के दौरान इसे लेने से यह कम प्रभावी हो जाता है इसका वर्तमान में कोई प्रमाण नहीं है।

## कितने टिके लगते है और कब?

टिके (वैक्सीन) की दो खुराकें लेनी हैं। कोविशिल्ड (**Covishield )** की दो खुराक के बीच का अंतर **6-8** सप्ताह है और कोवाक्सिन (**Covaxin)** और स्पुतनिक (**Sputnik)** की दो खुराक के बीच यह **4** सप्ताह है। यह संभव है कि एक बूस्टर की जरूरत साल भर के बाद पड़ सकती है लेकिन वर्तमान में इसपर स्पष्टता नहीं है।

## टिके के आम दुष्प्रभाव क्या हैं?

कुछ व्यक्तियों को हल्का बुखार, टिके के स्थल पर दर्द, शरीर में दर्द, सिरदर्द और थकान महसूस होता है।

**इन परिस्थितियों में क्या किया जाना चाहिए**?

पैरासिटामोल **500** मिलीग्राम की गोली हर **8** घंटे में **24** घंटे तक लेनी चाहिए। यह दवा इस मात्रा में सुरक्षित है।

**क्या टीके की वजह से किसी को** COVID-19 **बीमारी हो सकती है**?

नहीं, टीकों में से कोई भी जीवित वायरस नहीं है। इसका मतलब यह है कि टीका आपको **COVID19** से बीमार नहीं कर सकता है।

हालांकि, आमतौर पर टीकाकरण के बाद शरीर में प्रतिरक्षा (**COVID19** के वायरस के खिलाफ सुरक्षा) के निर्माण में कुछ सप्ताह लगते हैं। इसका मतलब है कि टीकाकरण से ठीक पहले या बाद की अवधि में किसी व्यक्ति के लिए इससे संक्रमित होना संभव है। शारिरीक दूरी, मास्क और हाथ धोने जैसी सभी सावधानियां टीकाकरण से पहले और बाद में जारी रखने की आवश्यकता है। टीकाकरण केंद्र पर भी अच्छी फिटिंग वाला मास्क और शारिरीक दूरी को बनाए रखना आवश्यक हैं।

**क्या टीकाकरण के कारण** RTPCR **परिक्षण पॉजिटिव हो सकता है**?

नहीं, यह परिक्षण नाक के अंदर वास्तविक या जीवित वायरस और उससे संबंधित आनुवंशिक सामग्री की तलाश करती है। इसलिए टीका उस परीक्षण को पॉजिटिव नहीं बना सकता है। परीक्षण तब पॉजिटिव हो सकता है जब व्यक्ति का टीके से कुछ दिन पहले या टीके का पुर्ण असर होने से पहले किसी पिडीत व्यक्ति के संपर्क मे आने से  नाक मे वायरस हो।

**क्या टीका लगाने के बाद कोई संक्रमित हो सकता है**?

अध्ययनों से पता चला है कि ऐसे संक्रमण बहुत दुर्लभ हैं। और जब वे होते हैं, तब भी लक्षण हल्के या ना के बराबर होते हैं। टीकाकृत व्यक्तियों में जिन्होने टीका नही लिया उन व्यक्तियों की तुलना में कम वायरल लोड होता है और इसलिए वायरस के संचरण की संभावना कम होती है।

**यदि कोई व्यक्ति** COVID19 **बीमारी से ठीक हो गया है**, **तो क्या उसे अभी भी टीके की आवश्यकता है**?
हां, क्योंकि विशेषज्ञ अभी तक नहीं जानते हैं कि व्यक्ति को कब तक संरक्षित रहेगा। भले ही वह व्यक्ति ठीक हो गया हो, यह दुर्लभ फिरभी संभव है कि वह फिर से संक्रमित हो सकता है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ऐसे व्यक्तियों में बीमारी के लक्षणों के आने के **6-8** सप्ताह बाद टीके की सलाह देता है।

**क्या टीके को गर्भावस्था के दौरान लिया जा सकता है**?

हाँ। उपलब्ध आंकड़े कहते है कि गर्भवती महिलाओं में **COVID-19** के लक्षण गैर-गर्भवती महिलाओं की तुलना में अधिक गंभीर बीमारी की आशंका का संकेत है। इसलिए यदि महिला चाहे तो सेवा कर्मी के परामर्श से टीका ले सकती है।

**इन टीकों की कीमत क्या है**?

सरकारी केंद्रों में टीके मुफ्त हैं। निजी सुविधाएं टीकाकरण के लिए शुल्क ले सकती है। कीमत सरकार और निजी सुविधा द्वारा लिए गए निर्णय पर निर्भर करेगी।

## References

https://www.mohfw.gov.in/covid_vaccination/vaccination/faqs.htmlhttps://www.who.int/news-room/q-a-detail/coronavirus-disease-(covid-19)-vaccines?adgroupsurvey={adgroupsurvey}&gclid=CjwKCAjwm7mEBhBsEiwA_of-THBDaN-Vu4cocZCo3mXsSsUu6drfVU9DQ_yym_TZq8XUKL9IJKf_pRoCKMEQAvD_BwEhttps://apnews.com/article/how-long-covid-19-vaccine-protection-last-49340b077e271a750ad804128dbb5f53

---

Developed by Dr. Suchitra Dalvie, Dr. Arvinder Nagpal and Dr. Alka Barua, CommonHealth Members